हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 13 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 5.9 डिग्री

11 आठ सौ मीटर दौड़ में कार्तिक को प्रथम, भूमित दूसरा ..



12 कच्चा बेरी रोड की 53 दुकानों को नहीं मिला स्वामित्व ...






## खबर संक्षेप



### वितरित किए गर्म कपड़े और सेनेटरी पैड

**रोहतक।** इनर व्हील क्लब ब्लूमिंग डेल द्वारा समाज के अलग-अलग वर्गों की सहायता के लिए संचालित योगदान अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। क्लब प्रधान प्रीति बंसल ने बताया कि बढ़ती सर्दी के मद्देनजर क्लब सदस्य दिशा नरवाल द्वारा जन सेवा संस्थान पब्लिक स्कूल में 100 विद्यार्थियों के लिए गर्म कपड़े भेंट किए गए। क्लब सचिव सिल्की बंसल, पूजा बंसल, शुचि जैन व क्षितिजा उपस्थित रहे।



### गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज के विद्यार्थी ने जीता सोना

**रोहतक।** चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में 10 व 11 दिसंबर को अखिल भारतीय अंतर विवि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज के बीए द्वितीय वर्ष के छात्र रोहित बूरा ने 97 किलोवर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। कॉलेज में प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा व कॉलेज की खेल कमेटी ने विजेता खिलाड़ी का स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थी के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेलों से हमारे अंदर आत्मविश्वास बढ़ता है और युवा वर्ग खेलों में भाग लेने से नशे से दूर रहता है। इस मौके पर डॉ. अंजू शर्मा, डॉ. धर्मवीर भारद्वाज, डॉ. तरुण वत्स, डॉ. कपिल कौशिक, आशु शर्मा आदि मौजूद रहे।

### बार एसोसिएशन की चुनाव कमेटी ने उपायुक्त से की मुलाकात

# ईवीएम से चुनाव करवाने की मांग को लेकर सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों के बाद जिला बार एसोसिएशन की चुनाव कमेटी ने मंगलवार को जिला उपायुक्त अजय कुमार से मुकालात की। कमेटी ने उपायुक्त को मांग पत्र सौंप कर चुनाव ईवीएम से करवाने के लिए कहा। उपायुक्त ने इस मामले में चुनाव आयोग की मंजूरी के बाद व्यवस्था करवाने का आश्वासन दिया है। इतने कम समय में चुनाव के लिए ईवीएम की व्यवस्था हो पाएगी या नहीं, इसका पता बुधवार को चलेगा।

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने आदेश दिए हैं कि रोहतक बार एसोसिएशन में इस बार चुनाव ईवीएम से करवाए जाएंगे। इसके लिए बार एसोसिएशन द्वारा गठित चुनाव कमेटी जिला उपायुक्त से मुलाकात करेगी और उपायुक्त ईवीएम से चुनाव की व्यवस्था करवाएंगे। हाईकोर्ट ने यह फैसला रोहतक के अधिवक्ता एवं प्रधान पद के प्रत्याशी अनिल शर्मा की याचिका पर सुनाया है। अनिल ने याचिका में कहा था कि रोहतक बार में चुनाव के दौरान गड़बड़ी हो सकती है। इसलिए चुनाव ईवीएम से करवाए जाएं। इसके अलावा उन्होंने याचिका में कहा कि बाहर के जिलों के अधिवक्ता रोहतक चुनाव में मतदान न कर सकें, इसके लिए व्यवस्था की जाए। हाईकोर्ट के आदेश के बाद बार एसोसिएशन की तरफ से अधिवक्ताओं की लिस्ट में से नाम काटे गए हैं।

उपायुक्त से मिलने वाली कमेटी में चीफ इलेक्शन ऑफिसर रणधीर सिंह सुहाग, रिटर्निंग ऑफिसर रामनारायण सैनी अतिरिक्त रिटर्निंग ऑफिसर मंजीत सिंधु व जयपाल शर्मा सहित बार एसोसिशन के पूर्व प्रधान लोकेंद्र सिंह फौगाट, नसीब पंघाल आदि मौजूद रहे।



**रोहतक।** जिला उपायुक्त से मिलने पहुंचे बार की चुनाव कमेटी के सदस्य।

### चुनाव आयोग को भेजा गया पत्र

> हाईकोर्ट की तरफ से आदेश जारी होने के बाद चुनाव कमेटी ने उपायुक्त से मुलाकात की। उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा गया है कि ईवीएम से चुनाव करवाया जाए। उपायुक्त ने चुनाव आयोग से संपर्क कर व्यवस्था करवाने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा 60 एग्जीक्यूटिव मैंबर की लिस्ट जारी कर दी गई है।
>
> -**जयपाल शर्मा,** एआरओ, चुनाव कमेटी

#### इनमें होना है मुकाबला

बार एसो. में 15 दिसम्बर को चुनाव होना तय हुआ है। चुनाव एक साल बाद दोबारा होता है। प्रधान पद पर अरविंद श्योराण, सुरेंद्र कुमार लोरा और अनिल शर्मा चुनाव लड़ रहे हैं। उप प्रधान के लिए अभीजित सिंह और हर्षवर्धन मलिक चुनाव लड़ रहे हैं। महासचिव पद के लिए दीपक हुड्डा, रोहित सुहाग और एतबार बैनिवाल के बीच चुनाव होना है। जबकि सह सचिव के लिए सुशीला देशवाल, ज्योति राणा और डिंपल अरोड़ा मैदान में हैं। लाइब्रेरियन के लिए विश्वजीत और अनिल कुमार चुनाव लड़ रहे हैं।

### बार एसोसिएशन महम चुनाव : प्रधान पद के उम्मीदवार राठी ने प्रदीप दांगी का किया समर्थन

- अब बार काउंसिल ऑफ इंडिया से उम्मीद



**महम।** बार एसोसिएशन महम की कार्यकारिणी का चुनाव 15 दिसंबर को होना है। इसके लिए प्रधान पद के पांच उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। इनमें से प्रधान पद के उम्मीदवार एडवोकेट रोहतास राठी ने प्रधान पद के प्रत्याशी एडवोकेट प्रदीप दांगी का समर्थन करने की घोषणा कर दी है। मंगलवार को वकीलों के समूह की बैठक हुई, जिसमें उन्होंने यह ऐलान किया। सचिव पद के प्रत्याशी प्रदीप अहलावत ने अपने प्रतिद्वंदी सुनील कुमार घोघलिया को समर्थन दे दिया है। उधर मंगलवार शाम को प्रधान पद के एक गुट को उस समय काफी मायूसी हाथ लगी जब पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने 54 वकीलों की सदस्यता रद्द करने की मांग की थी। चुनाव अधिकारी संदीप बंसल ने बताया कि बार एसो. महम के चुनाव में 127 मतदाता हैं। इनमें से एडवोकेट अशोक सिवाच ने कुछ वकीलों की सदस्यता पर सवाल उठाए थे। लेकिन हाईकोर्ट से उनकी यह याचिका खारिज हो गई है। एडवोकेट रविकांत शर्मा ने बताया कि होईकोर्ट ने 54 वकीलों की सदस्यता को सहीं नहीं बताया है। कहा है कि सदस्यता का तरीका तो गलत है, लेकिन उनकी याचिका इसलिए खारिज की जा रही है, क्योंकि मामला बार काउंसिल ऑफ इंडिया में है। वहां पर भी अपील की गई है। रविकांत का कहना है कि उन्हें अब बार काउंसिल ऑफ इंडिया से उम्मीद बंधी है। प्रदीप ढाका गुट के वकीलों का कहना है कि नियमों के तहत ही सदस्यों का शुल्क जमा करवाया गया है। प्रधान और अन्य पदों पर होने वाली नियुक्ति मतदान से होती है। जब चुनाव होता है और वोट डाले जाते हैं, तो लोकत्रंत का हनन कैसे हो सकता है। खैर अब यह देखने वाली बात होगी कि ये 54 वोट रद्द होते हैं या फिर 127 मतदाता ही मतदान में भाग लेंगे।

#### इन पदों पर इन वकीलों ने किया था नामांकन

प्रधान पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने वाले वकीलों में रोहतास राठी, रवि शंकर सोनी, प्रदीप दांगी, सुशील ठाकुर व राजेश पंवार के नाम शामिल हैं। उपप्रधान पद के लिए जितेंद्र सैनी, प्रवीन अहलावत व प्रिंकल खुराना ने पर्चा दाखिल किया। सचिव पद के लिए प्रदीप अहलावत, दीक्षांत व सुनील घोघलिया ने और सह सचिव पद के लिए नीलम राणा व ईशा खन्ना ने नामांकन किया है।



## शिविर में 70 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलानौर

मानव के रक्त का दुनिया में कोई विकल्प नहीं है। मानव शरीर का रक्त ही दूसरों में खून की कमी को पूरा कर किसी का जीवन बचा सकता है। इसीलिए रक्तदान से बढक़र जीवन में कोई दूसरा मानव धर्म नहीं कहा जाता।

मंगलवार को खंड कलानौर के गांव जिन्दरान कला के पंचायत भवन में अनिता धर्मपत्नी महासिंह की दूसरी पुण्यतिथि पर कैंसर मरीजों की सहायता के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भिवानी के शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा व गांव के सरपंच धर्मबीर सिंह चौहान ने शिरकत की। रक्तदान शिविर का शुभारंभ अनिता देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने कहा कि रक्त की एक बूंद असहाय को नया जीवन प्रदान करती है। रक्तदान से बढ़कर दूसरा कोई दान नहीं है। शिविर में 70 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस मौके पर करणसिंह फौजी, मास्टर सतीश, महासिंह, विनय वर्मा, दिलबाग सिंह, कमलजीत, नरेंद्र, आशीष कुमार, सोनू, नरेंद्र फोगाट, अंकुश, अमन, विनय, विकास, अजय कुमार, परवेश, मोनू, श्याम आदि मौजूद रहे।

### सैनी कन्या वमावि में इंट्रोडक्टरी कैम्प में कब मास्टर व फ्लॉक लीडर का एक दिवसीय प्रशिक्षण



**रोहतक।** सैनी कन्या वमावि में मंगलवार को कब मास्टर व फ्लॉक लीडर (प्राथमिक शिक्षक) का इंट्रोडक्टरी कैंप का आयोजित किय गया। इसकी अध्यक्षता डीटीसी संतोष दहिया ने की। उन्होंने बताया कि कैंप में पांचों ब्लॉक के लगभग 50 अध्यापकों ने भाग लिया। उन्होंने जिला संगठन आयुक्त राकेश मोर ने कबिंग और बुलबुल्स के उद्देश्य, नियम व उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए सभी अध्यापकों को इसके प्रति प्रेरित किया। मास्टर ट्रेनर गायत्री व राजेश ने एक्टिविटी करवा कर कब्स एंड बुलबुल्स की महता को विशेष ढंग से प्रभावशाली बनाया। सभी अध्यापकों ने इस प्रशिक्षण कैंप में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर पूनम, सीमा, कविता, अंजू, ज्योति, सुदेश, मंजू, प्रमिला, सोनू, सुमन, मधु, मनजीत, बबीता, सीमा, महिपाल, देवेंद्र, राकेश, विजय, संदीप, कृष्ण आदि शिक्षकों ने भाग लिया।

## आयुष्मान कार्डधारक से इलाज की एवज में वसूली गई पूरी राशि लौटाएं : एडीसी



- अतिरिक्त उपायुक्त महेश कुमार ने मेडस्टार अस्पताल के प्रबंधकों को दिए इलाज के पैसे लाटाने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त महेश कुमार ने मेडस्टार अस्पताल के प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वे आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड धारक बेरी निवासी फतेह चंद को इलाज के एवज में ली गई पूरी राशि निर्धारित अवधि में वापस लौटाये। अस्पताल द्वारा मरीज को कैशलैश सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई गई।

एडीसी महेश कुमार लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयुष्मान भारत के तहत जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत के पैनल में शामिल अस्पताल की जिम्मेदारी तय की गई है कि अस्पताल ने पहुंचते ही कम्प्यूटर पर मरीज की आयुष्मान भारत योजना की पात्रता की जांच की जाए। यदि मरीज गोल्डन कार्ड धारक है तो अस्पताल में भर्ती होने पर कैशलेस सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। मरीज के पुत्र रिंकु ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ कैशलेस सुविधा प्रदान न करने की शिकायत की थी। महेश कुमार ने कहा कि आयुष्मान भारत के संदर्भ में प्राप्त शिकायतों के निपटारे के लिए उपायुक्त के अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति गठित की गई है, जिसमें एडीसी, सिविल सर्जन तथा स्वास्थ्य विभाग के आयुष्मान भारत के प्रभारी को शामिल किया गया है। उन्होंने मेडस्टार अस्पताल के निदेशक को भविष्य में सावधानी बरतते हुए नियमानुसार सुविधा उपलब्ध करवाने को कहा। यह अस्पताल हाल ही में आयुष्मान भारत के पैनल में शामिल किया गया है। इस अवसर पर शिविर सर्जन डॉ. अनिल बिरला, आयुष्मान भारत के प्रभारी डॉ. दिनेश गर्ग, मेडस्टार अस्पताल के निदेशक डॉ. अशोक व शिकायतकर्ता रिंकु पुत्र फतेह चंद सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



## पुरुष वर्ग में सीआरए सोनीपत और महिला कैटेगरी में एमकेजेके विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जा रही वार्षिक पुरुष-महिला एथलेक्टिस संपन्न हो गई। पुरुष वर्ग में सीआरए सोनीपत और महिला वर्ग में एमकेजेके रोहतक विजेता बना। पुरुष कैटेगरी में भूपेंद्र और महिला दीपांशी बेस्ट एथलीट रही। पुरुष वर्ग में ऑल इण्डिया जाट कॉलेज रोहतक द्वितीय और एसजेके कॉलेज कलानौर ने तृतीय स्थान हासिली किया।

इसी प्रकार महिला वर्ग में टीका राम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत दूसरे तथा ऑल इण्डिया जाट कॉलेज रोहतक तीसरे स्थान पर रहा। समापन समारोह में प्रेसिडेंट स्पोर्ट्स बोर्ड डॉ. नरेंद्र खत्री ने बतौर मुख्य अतिथि और प्रोफेसर आरपी गर्ग खेल निदेशक एमडीयू ने खिलाडियों को मेडल तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। खेल विभाग के निदेशक अमरजीत सिंह भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के समय डॉ. मुकेश गोयत, डॉ. सुमन मान, डॉ. मनीषा, डॉ. मनीषा सैनी, डॉ. रेखा नरवाल, डॉ. रमेश सिंधु, अशोक कुमार, डॉ. धर्मेंद्र और डॉ. कृष्ण कुमार मौजूद रहे।



## राजकीय मॉडल संस्कृति व नेहरू मॉडल ने किया शानदार प्रदर्शन

- खंड स्तरीय अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव स्पर्धा के विजेता किए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

खंड स्तरीय अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव प्रतियोगिता मंगलवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांपला में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के विजेताओं को खंड शिक्षा अधिकारी सुमन हुड्डा ने सम्मानित किया। प्रोग्राम की अध्यक्षता प्रिंसिपल संदीप नैन ने की।

वाइस प्रिंसिपल सुनील नेहरा ने बताया कि विभिन्न विद्यालयों से निर्णायक मंडल के रूप में प्राचार्य राजेंद्र दत्तोड़, प्रवीण राणा चूलियाना, दर्शना खरावड, सुनीता खासा खेड़ीसाध,सुभाष चंद्र पाकासमा, रश्मि खासा व अन्य अध्यापकों ने शिरकत की। जहां संवाद, प्रश्नोत्तरी, श्लोक उच्चारण, भाषण व निबंध मे गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल के विद्यार्थी काजल, चारु, श्रुति, गरिमा, प्राची, तुषार आदि प्रथम स्थान पर रहे। वहीं पेंटिंग, संवाद प्रतियोगिता में नेहरू मॉडल स्कूल सांपला व गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल समचाना के विद्यार्थी कोमल, भावना, वैष्णवी, तरुण प्रथम स्थान पर रहे। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी ने जीतने वाले प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और जिला व राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी।

सुमन हुड्डा ने स्काउट के विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया। इसके साथ-साथ उन्होंने पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों एवं उनकी इंचार्ज ज्योति को अच्छे कार्य के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ सदस्य प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर हरिओम मुदगिल, नरेश शर्मा, सत्यवान, अरुण, ओमवीर, मोहन बिसला, सुनीता अहलावत,आशा, रितु इत्यादि उपस्थित रहे। प्रिंसिपल संदीप नैन के अनुसार प्रथम विजेता को 1100, द्वितीय को 750 और तृतीय को 500 का पुरस्कार बैंक खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर किया जाएगा।

### नौवें दिन भी हड़ताल पर रहे महम नपा के ठेके पर लगे सफाई कर्मचारी

# नपा सफाई कर्मचारियों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

- लघु सचिवालय में नपा सचिव व प्रधान के खिलाफ नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

महम नगर पालिका के ठेके पर लगे सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर पिछले नौ दिन से हड़ताल पर हैं। मंगलवार को नगर पालिका सफाई कर्मचारियों ने लघुसचिवालय में ठेकेदार व नपा सचिव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने एसडीएम के नाम तहसीलदार राजेश सैनी को एक ज्ञापन सौंपा।

अन्य कर्मचारी संगठनों के नेता भी उनके साथ प्रदर्शन में शामिल हुए। सोमवार को काम छोड़कर उन्होंने नगर पालिका कार्यालय के गेट पर धरना शुरू कर दिया था। 12 दिसंबर को भी दिनभर नगर पालिका सफाई कर्मचारियों ने ठेकेदार, नगर पालिका प्रधान और सचिव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हड़ताली कर्मचारियों ने मांग पत्र एवं ज्ञापन में कहा है कि ठेकेदार द्वारा उनको न तो पूरा वेतन दिया जा रहा और न ही जरूरी सुविधा मुहैया करवाई जा रही। पिछले वर्ष वे 15 हजार 100 रुपए प्रतिमाह वेतन के हिसाब से काम करते थे। लेकिन इस साल उनको 10 हजार रुपए वेतन दिया जा रहा है। जो कि अपर्याप्त और नियमों के विरुद्ध है। उनको यूनिफोर्म, साबुन, तेल और अन्य जरूरी कीट नहीं उपलब्ध करवाई गई है। हैल्थ इंश्योरेंस भी नहीं करवाया गया है और न ही ठेकेदार द्वारा पीएफ जमा करवाया जा रहा। जीवन बीमा की भी सुविधा नहीं है। उनको ईएसआई कार्ड मिलना चाहिए। कौशल रोजगार निगम में कर्मचारियों की भर्ती के दौरान भेदभाव किया गया है। सीनियर सफाई कर्मचारियों को कौशल रोजगार निगम में शामिल नहीं किया गया। ठेकेदार हड़ताली कर्मचारियों को हटाने की धमकी दे रहा है। महम नगर पालिका के ठेके पर लगाए गए करीब 40 सफाई कर्मचारी हड़ताल पर हैं। इनको कंपनी ठेकेदार हटाना चाह रहा है। गुरुग्राम से मिडास कंपनी की एचआर ब्रांच से प्रवीन यादव और कंपनी का स्थानीय स्तर पर कार्य देख रहे कंपनी के प्रतिनिधि निरंजन कर्मचारियों को देने के लिए चेतावनी पत्र लेकर पहुंच चुके हैं। कर्मचारियों का पिछले 9 दिन से धरना प्रदर्शन जारी है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती, तब तक उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों में श्यामू, नरेश, वीरभान, अनिल कुमार, बादल राम, बिजेंद्र, जगदीश, नीरज, अमृत, परमवीर, सोमबीर, सोमवीर खरकड़ा, नीलम, मंजीता, बालां, सरोज, राजबाला आदि मौजूद रहे।





**महम।** तहसीलदार राजेश सैनी को ज्ञापन सौंपते और लघु सचिवालय में मांगों को लेकर नारेबाजी करते कर्मचारी नेता एवं ठेका प्रथा के तहत कार्यरत नपा के सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## बोहरवासियों ने की गंदे पानी से निजात दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सोनीपत रोड पर स्थित गांव बोहर के निवासी मंगलवार को संयुक्त आयुक्त विजय सिंह से मिले और गांव में सड़क पर जल भराव की समस्या से अवगत कराया। संयुक्त आयुक्त ने उपयुक्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

धर्म सिंह,अशोक, जसबीर कुमार, रमेश, साहिल, रवि, डॉक्टर हर्ष, टिंकू आजाद, पंकज, दीपक, जयचंद, गौरव , मनोज और कृष्णा ने बताया कि सीवर ओवरफ्लो की वजह से रोड पर पानी भर जाता है। इसकी वजह से लोगों को आने जाने में परेशानी होती है। करीब 100 घरों के निवासी समस्या से परेशान हो चुके हैं। उन्होंने कई बार मेरे सांसद अरविंद शर्मा समेत अन्य अधिकारियों को शिकायत की है लेकिन कोई समाधान नहीं हो पाया। जल भराव की वजह से बच्चों को भी आने-जाने में परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने अधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग की। ब्राह्मणों का कहना है कि वह पहले भी कई बार अधिकारियो को शिकायत दे चुके हैं लेकिन कोई अधिकारी कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। वह इस मामले में पार्षद को भी अवगत करवा चुके हैं।



**रोहतक।** नगर निगम के संयुक्त आयुक्त से मिलने पहुंचे गांव बोहर के ग्रामीण।

## खबर संक्षेप



हड़ताल के दौरान वार्ता करते अधिवक्ता।

### वकीलों ने किया वर्क सस्पेंड

**रोहतक।** एसोसिएशन ने मंगलवार को भी वर्क सस्पेंड किया। वकीलों ने वर्क सस्पेंड करते हुए कहा कि करीब एक माह पहले एडवोकेट की संदिग्ध मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने अभी तक उपयुक्त कार्रवाई नहीं की है। अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक वकील के परिवार को न्याय नहीं मिल जाता जब तक वर्क सस्पेंड जारी रहेगा। गौरतलब है कि इंद्रप्रस्थ कॉलोनी निवासी रिषभ दहिया संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। स्कूटी नहर पर बरामद हुई थी।

### गाड़ी चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने पीजीआईएमएस से हुई गाड़ी चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। चोरीशुदा गाड़ी को कैथल से पहले ही बरामद किया जा चुका है। आरोपी को कोर्ट के आदेश पर दो दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि हाल किराएदार आजाद नगर हिसार निवासी कुरड़राम की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि कुरड़राम गाडी पर ड्राइवरी का काम करता है। 11 जुलाई को सुबह करीब 11 बजे टैक्सी स्टैंड पुराना गवरमैंट कॉलेज मैदान पर आया।

### महर्षि दयानंद विवि के कैंपस स्कूल की दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

# आठ सौ मीटर दौड़ में कार्तिक को प्रथम, भूमित को मिला दूसरा स्थान

विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भाग लेना चाहिए, आज के समय में युवा खेलों में करियर बनाकर बुलंदियों को छू रहे हैं



**रोहतक।** विजेताओं को सम्मानित करते हुए मुख्यअतिथि मदवि के डीन, कालेज डेवलपमेंट काउंसिल प्रो. एएस मान। *फोटो: हरिभूमि*



प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रतिभागी। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रोहतक

खेल स्वस्थ जिंदगी का आधार है। खेलों से न केवल मानसिक एवं शारीरिक तौर पर स्वस्थ बनाते हैं, अपितु बेहतर कॅरियर निर्माण की राह भी प्रशस्त करते हैं। आज जरूरत है कि हर विद्यार्थी अपने जीवन में किसी न किसी खेल से जुड़े। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में मंगलवार को 40वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए डीन, कालेज डेवलपमेंट काउंसिल प्रो. एएस मान ने व्यक्त किए। प्रो. मान ने इस खेलकूद प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाडियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा खेल भावना के साथ खेल प्रतिस्पधाओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रो. मान ने जीवन में खेलों की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताया। प्रतियोगिता के आयोजन के लिए यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल को बधाई दी।प्रतिष्ठित राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियन निकिता कुण्डू ने बतौर विशिष्ट अतिथि इस खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ सत्र में शिरकत की और विद्यार्थियों को खेल में कॅरियर बनाने के लिए मोटीवेट किया। यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल की निदेशिका प्रो. सोनिया मलिक ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया और कैंपस स्कूल की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। प्रो. सोनिया मलिक ने जीवन में खेलों की महत्ता को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को खेलकूद गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

#### प्रतियोगिता के दौरान मुख्य रूप से ये रहे मौजूद

*शारीरिक शिक्षा प्राध्यापक मनोज हुड्डा व पीटीआई पवन कुमार ने इस खेलकूद प्रतियोगिता में संचालित खेल गतिविधियों का संचालन एवं समन्वयन कर रहे हैं। शिक्षिका रेणु बाला व डा. अंजु हुड्डा ने उद्घाटन सत्र का संचालन किया। इस अवसर पर एमडीयू गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान राजकुमार शर्मा, कैंपस स्कूल इंचार्ज विवेक कौशल, वरिष्ठ शिक्षक केएस राठी समेत कैंपस स्कूल के शिक्षकगण, स्टाफ, विद्यार्थीगण एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।*

#### ये रहे परिणाम

800 मीटर वरिष्ठ छात्र दौड़ में शिवाजी हाउस के कार्तिक ने प्रथम, रानी झांसी हाउस के भूमित काजल ने दूसरा तथा सुभाष हाउस के सुयश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर वरिष्ठ छात्रा दौड़ में सुभाष हाउस की लक्षिता ने प्रथम, रानी झांसी हाउस की अंशिका ने दूसरा तथा शिवाजी हाउस की खुशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ छात्रा 100 मीटर दौड़ में अद्विका ने प्रथम, अंकिता ने दूसरा व तनीषा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ छात्र 100 मीटर दौड़ में रक्षित ने प्रथम, लकी ने दूसरा व यहान ने तीसरा स्थान पाया। शाट पुट वरिष्ठ छात्रा में भव्या ने प्रथम, अक्षिता ने दूसरा व स्नेहा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। नर्सरी की 50 मीटर दौड़ में छात्र वर्ग में आरव प्रथम, नुकुल दूसरे व भवेश तीसरे स्थान पर तथा छात्रा वर्ग में हर्षीता प्रथम, निया दूसरे व जन्नत तीसरे स्थान पर रही। शाट पुट कनिष्ठ छात्रा में पायल ने प्रथम, रिया ने दूसरा व भूमिका ने तीसरा स्थान पाया। केजी की 30 मीटर रेस में छात्र में लवित प्रथम, मयंक दूसरे व रितिक तीसरे तथा छात्रा में अर्विता प्रथम, राधिका दूसरे व अतिफा तीसरे स्थान पर रहीं।

# संस्कृत को जीवन की मुख्य धारा में शामिल करें: श्रीभगवान



■ ऋषिकुल संस्कृत महाविद्यालय गुरुग्राम में आयोजित दीक्षांत समारोह में हुए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के प्राध्यापक डॉ. श्रीभगवान ने ऋषिकुल संस्कृत महाविद्यालय गुरुग्राम में आयोजित दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की और संस्कृत की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता पर व्याख्यान दिया। मुख्य वक्ता डॉ.श्रीभगवान ने कहा कि शास्त्रीय और आधुनिक रूप से संस्कृत के महत्त्व को स्वीकार करते हुए 'नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' में भी बहुभाषावाद को प्रासंगिक बताते हुए शिक्षा क्षेत्र के सभी स्तरों पर संस्कृत को जीवन जीने की मुख्य धारा में शामिल कर अपनाने पर बल दिया गया है। अतः संस्कृत का अध्ययन कर के छात्र-छात्राएं न केवल अपने-अपने अतीत से गौरवान्वित होकर वर्तमान में संतुलित व्यवहारशील की ओर अग्रसर होंगे, अपितु भविष्य के प्रति भी उल्लासित होंगे।

#### संस्कृत है वैदिक भाषा


डॉ. श्रीभगवान ने कहा कि संस्कृत वैज्ञानिक भाषा हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृत ने अपने समृद्ध और विविध साहित्य, दर्शन और संस्कृति के लिए वैश्विक रुचि को आकर्षित किया है। वर्तमान समय में दुनियाभर में संस्कृत के प्रति बहुत रुचि है। इसके अनेक कारण हैं यह प्राचीन है और इसमें लगभग सभी विषयों का साहित्य प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। दूसरा कारण यह एक अच्छी तरह से बनाई गई भाषा है जिसका व्याकरण भाषा को सटीक और स्पष्ट और मशीनी भाषा के रूप में उपयुक्त बनाता है। महाविद्यालय के निदेशक डॉ. अमित कुमार ने आभार जताया। डा. श्रीभगवान ने व्याख्यान उपरांत शास्त्री के विद्यार्थियों को डिग्रियां भी वितरित की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, विद्यार्थी तथा ग्रामीणजन भी उपस्थित रहें।

# संकल्प यात्रा में बताईं केंद्र की योजनाएं

मोदी सरकार देश के गरीब, महिला, किसान व युवा के उत्थान के लिए प्रयासरत :- पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रोहतक





विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज जिला के चार गांवों ईस्माइला 9 बी व 11 बी, पिलाना एवं कटेसरा में संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इन कार्यक्रमों में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका तथा भाजपा नेता सतीश नांदल मुख्यातिथि रहे। ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प यात्रा का संकल्प भी दिलवाया गया तथा प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संदेश भी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सुनाये गये।

ईस्माइला गांव में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार द्वारा गरीब, महिला, किसान व युवा के उत्थान के लिए अनेक कदम उठाए गये हैं। केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने साहसिक फैसला लेते हुए जम्मू एवं कश्मीर से धारा-370 एवं अनुच्छेद 35ए को समाप्त कर देश की एकता व अखंड़ता के दिशा में सराहनीय कार्य किया है, जिसे माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी सवैंधानिक करार दिया है।

इस अवसर पर जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा, रमेश भाटिया, पूर्व विधायक सरिता नारायण, रेणु डाबला, चेयरमैन टीनू, ओम प्रकाश बागड़ी, सुरजमल किलोई, सतीश चौधरी, शमशेर कलिंगा, भूपेंद्र खत्री, पवन खत्री, डॉ. दिनेश घिलौड़, गुलाब सिंह, गुलशन दुआ, सरपंच मुकेश, नागेंद्र शर्मा, हरिओम खत्री, आजाद, रामनिवास, बलराज, सतबीर, महाबीर, जयसिंह, मास्टर ईश्वर सिंह, कलीराम व अजय आदि मौजूद रहे।

#### लोगों के स्वास्थ्य की जांच की-

स्वास्थ्य विभाग द्वारा पिलाना में 267 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इनमें से 129 व्यक्तियों के हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर व शुगर की जांच की गई। टीम द्वारा 25 व्यक्तियों की टी बी की जांच की गई। जांच के दौरान 13 व्यक्ति उच्च रक्तचाप तथा 12 व्यक्ति शुगर के मरीज पाए गए। विभाग द्वारा आवश्यकता अनुसार निशुल्क दवाइयां दी गई। आयुष विभाग द्वारा 80 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच की गई व जरूरत अनुसार दवाईयां दी गई।

# बच्चे हिंदी, गणित की दक्षता में हो निपुण

■ बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला परियोजना इकाई की समीक्षा बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रोहतक



बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के सफल क्रियान्वयन के लिए सोमवार को डीइओ कार्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला परियोजना इकाई की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें जिला परियोजना इकाई के मेंबर सचिव एवं डायट प्रिंसिपल वीरेंद्र मलिक, एफएलएन कोऑर्डिनेटर और सभी ब्लॉक के बीइओ, बीआरएपी, एपीसी और संपर्क से रिंकू खासा ने भाग लिया। जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर रूपांशी हुड्डा ने नवंबर महीने के स्कोर कार्ड पर और आगामी कार्य योजना को लेकर विस्तार से चर्चा की। स्कोरकार्ड में जो बिंदु में डाटा कम रहा उस बिंदु पर इस महीने फोकस कर कार्य करने के लिए कहा गया। साथ ही एबीआरसी, बीआरपी की गुणवत्तापूर्ण विजिट को ध्यान रख कर प्लानिंग करने के लिए कहा गया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिललीत सिहं ने कहा कि सीपीआईयू को मजूबत करना है तभी हम मिशन को धरातल पर सुद्रढ़ता से लागू कर पाएंगे। डीईओ मंजीत मालिक ने मेंटॅार की 100 प्रतिशित विजिट सुनिश्चित होनी चाहिए इसके लिए सभी ब्लॉक अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। वहीं दिलजीत सिंह द्वारा स्कूल स्तर में हम किस प्रकार बेहतर से बेहतर परिवर्तन ला सकते हैं, इस संबंध में विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि हमारा अंतिम लक्ष्य सभी बच्चों को निपुण बनाना है।



#### रनर्स ग्रुप ने सम्मान दौड़ में किया शानदार प्रदर्शन

रोहतक। नई दिल्ली में भारतीय सेना के सम्मान में आयोजित सम्मान दौड़ 2023 में रोहतक रनर्स ग्रुप के धावकों का प्रदर्शन किया गया। बनवाला दंपति चंद्रपाल बनवाला एवं विमला अहलावत बनवाला ने अपने-अपने आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पवन कुमार ने द्वितीय स्थान, अभिताभ दलाल ने चतुर्थ एवं रविंद्र दहिया ने दसवां स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा राजीव भारद्वाज, अशोक राणा, संजय मलिक, अमित काद्यान्न और मनीष दहिया का प्रदर्शन भी बेहतरीन किया।

# प्रशिक्षण संस्थानों के प्रगति की समीक्षा की

■ अधिकारी प्रशिक्षुता के निर्धारित लक्ष्यों को गंभीरता से करें पूरा: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रोहतक



अतिरिक्त उपायुक्त महेश कुमार ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे राष्ट्रीय प्रशिक्षुता अधिनियम के प्रावधान अनुसार निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में गंभीरता से कार्य करें। वे औद्योगिक प्रतिष्ठानों से तालमेल कर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से डिप्लोमा करने वाले बच्चों को अप्रेंटिस पर लगवाये।

अतिरिक्त उपायुक्त महेश कुमार लघु सचिवालय स्थित सभागार में राष्ट्रीय प्रशिक्षुता अधिनियम के तहत जिला के औद्योगिक प्राक्षिण संस्थानों द्वारा प्राप्त लक्ष्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नियमानुसार हर वर्ष औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से डिप्लोमा करने वाले 70 प्रतिशत बच्चो को निर्धारित अवधि में प्रशिक्षुता पर लगाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से डिप्लोमा प्राप्त करने वाले कुशल बच्चों की औद्योगिक इकाईयों को आवश्यकता रहती है।



#### शिक्षा भारती विद्यालय में बाबा गेनू को दी श्रद्धांजलि

**रोहतक।** शिक्षा भारती विद्यालय जेपी कॉलोनी में स्वदेशी आंदोलन के प्रथम शहीद बाबा गेनू बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। वंदना सभा में बाबा गेनू के जीवन परिचय के बारे में बताया और उन्हें उनके शहीदी गाथा के बारे में अवगत कराया। रजनी ने बाबू गेनू विदेशी सामान का बहिष्कार करते समय इन्हें 22 साल की उम्र में शहीदी प्राप्त हुई। वंदना सत्र में बाबू गेनू बलिदान दिवस पर आचार्यों व बालकों द्वारा उनके बलिदान पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया गया। प्राचार्या आशु साहनी ने विदेशी चीजों का बहिष्कार कर स्वदेशी अपनाओ का नारा दिया। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों, समाज तथा देश को स्वदेशी चीजों का उपयोग करना चाहिए।

**अदालती ईश्तहार**

**न्यायालय श्रीमान सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, महम**

इस अदालती ईश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुकदमा सुभाष बनाम राजबीर आदि बाबत खेवट तकसीम करवाने खेवट नंबर-45//38, खतौनी नंबर-51, किते 26, 145 कनाल, 19 मरले, तादादी वाका मौजा सीमान, तहसील महम जिला रोहतक इस न्यायालय में लंबित है। प्रतिवादी 1. राजबीर पुत्र श्री धर्मा, 2. संतोष पत्नी राजबीर निवासीगण सीमान पाना खास तहसील महम जिला रोहतक को बजरीये समन तलब किया जा चुका है। परंतु प्रतिवादी हाजिर अदालत नहीं आ रहा है। न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुँचा है कि प्रतिवादी की तलबी साधारण तरीके से नहीं हो पाई है। इसलिए प्रतिवादी की तलबी बजरीये अखबार ईश्तहार की जानी उचित है। अतः इस नोटिस द्वारा प्रतिवादी व आम जनता को सूचित किया जाता है कि वाद ग्रस्त भूमि में हितबद्ध प्रतिवादी या अन्य कोई व्यक्ति दिनांक 09.01.2024 को इस न्यायालय में स्वयं या अपने वकील के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष रख सकता है। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

अत: 08.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय से जारी किया गया है।

**हस्ता/- सहायक कलेक्टर, द्वितीय श्रेणी, महम**

### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में सीएम के उपहारों को खरीद सकेगी जनता

# पहली बार स्टॉल नंबर 13 और 14 पर सजेंगे उपहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रोहतक



मुख्यमंत्री के ओएसडी गजेंद्र फौगाट ने बताया है कि कुरुक्षेत्र में आयोजित किए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में मुख्यमंत्री के उपहारों को कोई भी पर्यटक निर्धारित दामों पर खरीद सकता है। इस महोत्सव में पहली बार सरस मेले के स्टॉल नंबर 13 व 14 पर विभिन्न कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री को मिले उपहारों को रखा जाएगा। इसके लिए स्टॉलों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जाएगा। ये स्टॉल सरस मेले में आकर्षण का केंद्र भी रहेंगे।गजेंद्र फौगाट ने कहा कि मुख्यमंत्री के उपहारों की बिक्री से जो भी पैसा मिलेगा, उस पैसे को मुख्यमंत्री राहत कोष के साथ-साथ सरकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए खर्च किया जाएगा। इससे आमजन को फायदा होगा। इन उपहारों को सजाने के लिए इस स्टॉल को विशेष डिजाइन में सजाया जाएगा। इसके लिए कारीगर दिन रात काम में जुटे है। इस स्टॉल को जल्द ही तैयार कर लिया जाएगा और मुख्यमंत्री के उपहारों की आमजन के घरों की शोभा बढ़ाने के लिए बिक्री की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ओर से समाज कल्याण के लिए मुख्यमंत्री उपहार योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत इसी वर्ष जनवरी माह में पहले चरण में 51 उपहारों के लिए लोगों ने 1 करोड़ 14 लाख 95 हजार रुपये का सहयोग दिया था। इस राशि को समाज कल्याण के उपयोग करने के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा करवाया गया। अब इसी उपहार योजना में शामिल उपहारों को ब्रह्मसरोवर के घाट पर लगे शिल्प मेले में सजाया गया है। फौगाट ने आगे कहा कि वर्ष 2014 के बाद गीता महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय दर्जा मिलने पर इसमें हर साल लाखों लोग पहुंच रहे हैं। प्रदेश सरकार की ओर से गीता के संदेश को विश्व भर में पहुंचाने के लिए विदेशों में गीता महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। अभी तक कनाडा, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और मॉरीशस में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में भी लोगों की सहभागिता अच्छी रही है। उन्होंने कहा कि इसी तरह गीता स्थली कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर लगाए जाने वाले शिल्प और सरस मेले में हर साल लाखों लोग पहुंचते हैं।



#### गोशाला पहरावर में हुआ हवन

रोहतक। अखिल भारतीय गौशाला पहरावर में पूर्व सरपंच प्रवीण कौशिक सुपुत्र शिवनारायण कौशिक परिवार द्वारा हवन का आयोजन किया गया। साथ में शुद्ध देसी घी का भंडारा और वस्त्र दान के रूप में हर एक कर्मचारी को कंबल के साथ-साथ एक ट्रैकसूट भी दान दिए गए। इस मौके पर अखिल भारतीय गौशाला के संस्थापक नरेश शर्मा ने कहा कि गौ सेवकों को प्रोत्साहन करना भी गौ सेवा करने के ही समान पुण्य का कार्य है। इस मौक पर प्रवीण कौशिक पहरावर, नरेश शर्मा, हरिओम कौशिक,रविंद्र कौशिक, ललित समचाना, विजेंद्र फौजी, सतीश ठेकेदार, सोमवीर, रविंद्र कादयाण, भोला सुहाग, हरेंद्र यादव, दीपांशु, रमेश, आजाद, कान्हा, अनंत अग्रवाल, मैनेजर कपिल गौशाला पहरावर मौजूद रहे ।



## शहर में आज

- छोटूराम चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे से
- डाकघर के कर्मचारियों का मांगों को लेकर धरना जारी
- जिला बार एसोसिएशन में वकील को न्याय न मिलने पर वर्क सस्पेंड
- रोडवेज कर्मचारियों की मांगों को लेकर बैठक सुबह 10 बजे

## खबर संक्षेप

### मदवि: प्रैक्टिकल परीक्षाएं 18 से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की बीएड, बीएड स्पेशल एजुकेशन दूसरे वर्ष केवल री-अपीयर की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 18 दिसंबर से प्रारंभ होंगी।परीक्षा नियंत्रक डा. बीएस सिन्धु ने बताया कि उपरोक्त प्रैक्टिल परीक्षाओं के परीक्षा केन्द्र तथा रोल नंबर अनुसार आयोजन तिथि समेत अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### मदवि: 27 दिसंबर से शुरू होंगे एग्जाम

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एमएड/एमएड स्पेशनल एजुकेशन/एमपीएड की तीसरे सेमस्टर की रेगुलर व री-अपीयर की परीक्षाएं 27 दिसंबर से तथा एमएड/एमपीएड तीसरे सेमेस्टर की ओपन इलेक्टिव/डिसीप्लीन स्पेसीफिक इलेक्टिव पेपर्स की रेगुलर व री-अपीयर की परीक्षाएं 3 जनवरी से प्रारंभ होंगी। परीक्षा नियंत्रक डा. बीएस सिन्धु ने बताया कि डेटशीट विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

### कब्जे हटाने को लेकर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश अजय कुमार ने 1973 की धारा 23 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सांपला तहसील के खरावड़ में अनाधिकृत कब्जे हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत सांपला के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं।

#### अलग-अलग मार्केट में स्थित अदर लैंड की दुकानों का मामला उलझा

# कच्चा बेरी रोड की 53 दुकानों को नहीं मिला स्वामित्व योजना का लाभ

### निगम ने किराया किया दोगुना

- 50 साल पहले बनाई गई थी दुकानें
- दुकानदारों की किराया कम करने और रजिस्ट्री की मांग

विजय अहलावत ▶▶| रोहतक

शहर में अलग-अलग मार्केट में स्थित अदर लैंड की दुकानों का मामला सुलझता नजर नहीं आ रहा। कच्चा बेरी रोड के 53 दुकानदारों को भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा शुरू की गई स्वामित्व योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा। दुकानदारों ने दो बार योजना में शामिल होने के लिए अप्लाई किया लेकिन उनकी रजिस्ट्री नहीं करवाई गई। इसके अलावा दुकानों का किराया भी दो गुणा कर दिया गया। अब अधिकारी बता रहे हैं कि यह दुकानें दूसरे सरकारी विभाग की जमीन पर बनी हुई हैं इसलिए इनकी रजिस्ट्री नहीं करवाई जा सकती। योजना का फायदा नहीं मिलने पर दुकानदारों में रोष बढ़ता जा रहा है। जानकारी के अनुसार, करीब 50 साल पहले नगर निगम द्वारा पुराना बस अड्डा के पास करीब 41 दुकानें बनाई गई थी। इसके अलावा पुराना बस अड्डा के पास भी 12 दुकानें बनाई गई। जिनमें लोग किराये पर कारोबार चला रहे हैं। निगम की तरफ से इसका करीब सात सौ रुपये प्रति माह किराया लिया जाता है। इस दौरान अधिकारियों द्वारा इन दुकानदारों को बताया गया कि वह अप्लाई करें और उनकी दुकानों को स्वामित्व योजना में शामिल किया जाएगा। उन्होंने दो बार अप्लाई किया। निगम ने योजना का पात्र मानते हुए किराया भी दो गुणा करते हुए 1488 रुपये प्रति माह कर दिया। लेकिन रजिस्ट्री नहीं करवाई गई। दुकानदारों ने अधिकारियों से पूछा तो बताया गया कि यह दुकानें पीडब्ल्यूडी की जमीन पर बनी हुई हैं इसलिए उनकी रजिस्ट्री नगर निगम द्वारा नहीं करवाई जा सकती। दुकानदारों का कहना है कि जब रजिस्ट्री नहीं हो सकती तो योजना का पात्र मानते हुए किराया डबल कैसे कर दिया गया।


रोहतक। दुकानदारों से मीटिंग करते हुए प्रधान आशू चुघ। फोटो: हरिभूमि

### अधिकारियों पर सहयोग नहीं करने के आरोप

दुकानदार इस मामले में कई बार अधिकारियों से मिल चुके हैं। आरोप है कि अधिकारी दुकानदारों को गुमराह करते हैं और स्वामित्व योजना में शामिल करने के लिए कोई कदम नहीं उठाते। उनकी तरफ से सहयोग नहीं होने की वजह से दुकानदार कार्यालय के चक्कर पर चक्कर लगाए जा रहे हैं।

### अधिकारी नहीं होने दे रहे योजनाओं पर काम



गांधी कैंप की दुकानों की एक अधिकारी ने रजिस्ट्री करवा दी थी। जबकि दुकान अदर लैंड की थी। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। शिवाजी कॉलोनी, सुभाष रोड, कच्चा बेरी रोड की अदर लैंड की दुकानों की रजिस्ट्री नहीं हो पा रही। सरकार चाहती है कि दुकानदारों को स्वामित्व योजना का लाभ मिले लेकिन कुछ अधिकारी सरकार की योजनाओं पर पानी फेर रहे हैं। वह नई-नई अड़चन पैदा करके दुकानदारों को लाभ देने से रोक रहे हैं। इन दुकानों की जल्द से जल्द रजिस्ट्री होनी चाहिए। -**गुलशन निझावन**, प्रधान पालिका बाजार

### दुकानों की रजिस्ट्री होनी चाहिए

हम कई बार अधिकारियों से मिल चुके हैं। दुकान करीब 50 साल पहले बनाई गई थी। पहले करीब 700 रुपये किराया लिया जाता था। जिसे अब दो गुणा कर दिया गया है। दुकानदारों को स्वामित्व योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा। दुकानों की रजिस्ट्री नहीं हो पाई हैं। अधिकारी अब बता रहे हैं कि दुकानें पीडब्ल्यूडी विभाग की जमीन पर बनी हुई हैं, तो ऐसे में निगम इन दुकानों का किराया कैसे ले रहा है। दुकानों की रजिस्ट्री होनी चाहिए और किराया कम किया जाना चाहिए। -**आशू चुघ**, प्रधान, कच्चा बेरी रोड मार्केट एसोसिएशन



## दुर्गा शक्ति, 112 इंडिया ऐप व महिला विरुद्ध अपराधों बारे में किया गया जागरूक

**रोहतक।** पुलिस ने महिला विरुद्ध अपराध, दुर्गा शक्ति ऐप व 112 इंडिया ऐप बारे छात्राओं-महिलाओं को जागरूक करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत स्कूल, कॉलेज में छात्राओं को व सिलाई सेंटर में महिलाओं को थानों में तैनात महिला स्टाफ द्वारा दौरा कर छात्राओं-महिलाओ को जागरूक किया गया। छात्राओं व महिला स्टाफ के मोबाइल फोन में दुर्गा शक्ति ऐप व 112 इंडिया ऐप को इंस्टॉल करवाया तथा ऐप की महता व प्रयोग बारे विस्तार से अवगत कराया गया। इस दौरान थाना बहुअकबरपुर टीम ने राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना, राजकीय मॉडल स्कूल मदीना, थाना पीजीआईएमएस की टीम ने फार्मेसी कॉलेज पीजीआईएमएस में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा पुलिस द्वारा महिलाओं के सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे है।



## हड़ताली सफाई कर्मचारियों ने ठेकेदार के नए कर्मचारियों को काम करने से रोका

**महम।** पिछले 9 दिन से महम नगर पालिका के ठेके पर कार्यरत सफाई कर्मचारी हड़ताल पर हैं। मंगलवार को ठेकेदार नए कर्मचारियों को लेकर नगर पालिका में पहुंच गया। हड़ताली कर्मचारियों से झाड़ू मांगी गई, तो उन्होंने ठेकेदार को झाड़ू देने से इंकार कर दिया। ठेकेदार ने बाजार ने नई झाड़ू और लाठियां खरीदकर झाड़ूयों के नए सैट तैयार करवाए और नए कर्मचारियों को थमाया। लेकिन हड़ताली कर्मचारियों ने नए कर्मचारियों को नगर पालिका कार्यालय से बाहर ही नहीं निकलने दिया। हड़ताली कर्मचारियों के भारी विरोध के चलते ठेकेदार शहर की सफाई करवाने में कामयाब नहीं हो सका।

## सप्लीमेंट की दुकानों से खाद्य सुरक्षा विभाग ने लिए सैंपल, दो दुकानदारों के पास नहीं मिले लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मंगलवार को भरत नगर और तिकोना पार्क स्थित सप्लीमेंट की दुकानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान टीम ने सैंपल भरकर जांच के लिए लैब में भेजे हैं। रिपोर्ट मिलने पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

जांच के दौरान दो दुकानदारों के पास लाइसेंस नहीं मिले। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ पवन चहल ने बताया कि विभाग को सूचना मिल रही थी कि शहर में बिकने वाले सप्लीमेंट में गुणवत्ता की कमी है और कई उत्पाद लोकल कंपनियों के बेचे जा रहे हैं। इसी को लेकर रोहतक में कई दुकानों पर रेड की गई है और उनमें से मल्टी विटामिन, वे पाउडर आदि के सैंपल भरे गए हैं, इनको जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा। इनकी रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने युवकों को नसीहत दी की जो लोग सप्लीमेंट का प्रयोग करते हैं वह खरीदते वक्त अच्छी कंपनी के उत्पाद खरीदें। साथ में उत्पाद की गुणवत्ता का भी ध्यान रखें क्योंकि जो लोकल उत्पाद होते हैं उनमें स्टेरॉयड की ज्यादा मात्रा पाई जाती है। इसके साथ ही ग्लूकोस, शुगर और हेवी मेटल की मात्रा ज्यादा पाई जाती है जो सीधे उत्पाद का प्रयोग करने वाले पकी इम्युनिटी सिस्टम पर प्रभाव डालता है जिससे उस व्यक्ति के बीमार होने की ज्यादा संभावनाएं बढ़ जाती हैं। शहर में तीन दुकानों पर छापे मारे गए जिनमें दो दुकानदारों के लाइसेंस ही नहीं था। डॉक्टर पवन ने बताया कि इन दुकानों पर विभाग के नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।





## इंडस स्कूल के छात्रों ने नारी उदय फाउंडेशन अन्ध प्रकाश विद्यालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इंडस पब्लिक स्कूल के कक्षा तीसरी से छठीं तक के विद्यार्थी मंगलवार को नारी उदय फाउंडेशन अंध प्रकाश विद्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र में गए। वे वहां के छात्रों के लिए पुस्तकें व वस्त्र लेकर गए। विद्यार्थियों ने उनके अध्ययन की पद्धति, खान-पान, रहन-सहन के तौर तरीकों के बारे में ज्ञान अर्जन किया। यह जानकारी डायरेक्टर प्राचार्या डॉ. सुषमा झा ने दी। उन्होंने बताया कि बच्चों ने ब्रेल लिपि व श्रवण विधि द्वारा कम्प्यूटर चलाते देखा। स्पर्श विधि से पढ़ने की विधि जानी। दृष्टिबाधित बच्चों ने अनेक प्रकार की क्रीड़ा और नृत्य करके दिखाया। विद्यार्थियों ने उनके आत्मविश्वास, प्रयास और लग्न से सीख ली। उन्होंने बताया कि इंडस पब्लिक स्कूल की तरफ से समय-समय पर आवश्यकता के अनुरूप मदद की जाती रही है। इससे विद्यार्थियों में सहयोग की भावना का विकास होता है व जरूरतमंद लोगों को उनकी जरूरत का लाभ पहुंचाने की प्रेरणा जागृत रहेगी। चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु व विद्यालय की डायरेक्टर प्रधानाचार्या डॉ. सुषमा झा ने कहा कि इस तरह विद्यार्थी समाज में दुःख-सुख बांटकर सहयोग की भावना सीखते हैं।




## जन्म दिवस पर 43 लोगों ने किया रक्तदान

**रोहतक।** आज हम ओर आप सोशल वेलफेयर सोसायटी ने मंगलवार को अपना 165 वां रक्तदान शिविर लगाया। कार्यक्रम का आयोजन संस्था सदस्य भारत भूषण की बेटी सांची ओर संस्था सदस्य गौरव ढल के जन्म दिन पर किया गया। शिविर में 43 लोग रक्तदान करके पुण्य के भागी बने। रक्तदान करने वालों में 6 महिलाएं भी शामिल थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम के मेयर मनमोहन रहे। नवीन जैन, चिराग बेरी, विकास मिश्रा, सुंदर जेटली, गौरव ढल, पंकज , भारत भूषण, फूल कुमार, गौरव, सोनू खान, प्रवेश फोगाट, गुरप्रीत और पंडित हेमंत इस मौके पर मौजूद रहे।

## रेलवे रोड पर दुकानदारों से मिले सीनियर डिप्टी मेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल ने मंगलवार को रेलवे रोड पर दुकानदारों से मुलाकात की। जहां दुकानदारों ने उनका स्वागत किया और विधानसभा चुनाव में भाजपा की बंपर जीत की बधाई दी। दुकानदारों अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया। जिसका राजू सहगल ने मौके पर ही अधिकारियों को उचित निर्देश देकर समाधान किया। राजू सहगल ने कहा कि तीसरी बार केंद्र में और प्रदेश में भाजपा की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ दोबारा बनेगी। इस दौरान सुरेंद्र डाबरा प्रधान रेलवे रोड, संजय जैन,अंकुर जैन, अंकित जैन, अनूप गिरधर, महेंद्र गुप्ता, प्रभाष जैन, अमित जैन, राजकुमार गुलाटी मौजूद रहे।



## सांपला में मार्केट फीस को लेकर मंडी आढ़तियों ने जताया रोष

**सांपला।** सरकार द्वारा सब्जी विक्रेता आढ़तियों से टैक्स लेने के विरोध में सरकार के प्रति रोष प्रकट किया गया। दुकानदारों कहा कि उन पर बेवजह कर लगाया जा रहा है। शुरू से ही आढ़ती इसका विरोध करते आ रहे हैं। सरकार से बार-बार इस नियम को खत्म करने की मांग की जा चुकी है लेकिन सरकार उनकी कोई सुनाई नहीं कर रही। इसी विरोध में मंगलवार को संदीप मक्कड़, अशोक, राहुल, राकेश, कालूराम, कृष्ण लाल, संजू, बंसीलाल, सुरेश कुमार, सुनील कुमार, राजेश कुमार, रामदिया, विनोद कुमार ने सरकार के प्रति रोष प्रकट किया। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांगों को स्वीकार नहीं किया तो वे अपने प्रदर्शन को और तेज करेंगे।

## युवकों पर जानलेवा हमला करने के मामले में पति-पत्नी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने पाडा मौहल्ले में युवकों पर हुए जानलेवा हमले की वारदात में आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। कोर्ट के आदेश पर आरोपी महिला को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। आरोपी युवक को दो दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। थाना प्रभारी पुरानी सब्जी मंडी निरीक्षक सत्यपाल ने बताया कि पाडा मौहल्ला निवासी विकास की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि 13 नवंबर को विकास अपने मकान की छत पर था तभी उसे लड़ाई-झगडे की आवाज सुनाई थी। विकास ने अपने चाचा अशोक की छत पर जाकर देखा तो उनका पडोसी विनोद, पारस, तुषार, विनय व पुनीत विकास के चाचा को पकड़े हुए थे। विनय, विनोद व पुनीत ने अपने हाथ में लिए हुए चाकू से जान से मारने की नियत से अशोक पर वार कर रहे थे। अशोक को बचाने के लिए उसके चाचा का लड़का विशाल व उसकी मां बीच-बचाव कर रहे थे। विकास बीच बचाव करने आया तो पुनीत ने ईंट उठाकर विकास के माथे में मारी। जिसके कारण विकास व विपिन मौके पर बहोश हो गए।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

#### परेशानी — अमूमन कर्मियों को हर महीने सात तारीख तक मिल जाता है वेतन

# एचकेआरएन सर्वर डाउन, प्रदेश के करीब सवा लाख कर्मचारियों को अभी तक नहीं मिली नवंबर की सैलरी

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सर्वर में गड़बड़ी आने के बाद अब हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) का सर्वर भी जवाब दे गया है, जिसकी वजह से निगम कर्मचारियों को अभी तक नवंबर का वेतन नहीं मिला है। अमूमन कर्मियों को हर महीने सात तारीख तक वेतन मिल जाता है। लेकिन अबकी बार ऐसा नहीं हुआ। सैलरी कब तक मिलेगी, इसकी जानकारी मंगलवार देर शाम तक कर्मचारियों को नहीं थी। पोर्टल पर कई दिन से मैसेज डाला हुआ है कि जल्द ही सर्वर की तकनीकी दिक्कतें दूर करके सेलरी खातों में जमा करवा दी जाएगी। वेतन में दिन-प्रतिदिन हो रही देरी से कर्मचारियों को परेशाानियों की परेशानियां शुरू हो गई हैं। किसी ने बच्चे की फीस जमा करवानी है तो किसी ने ग्रोसरी वाले का बिल चुकता करना है। ध्यान रहे कि प्रदेश में कौशल रोजगार निगम के तहत सरकारी विभागों में एक-सवा लाख कर्मचारी नौकरी करते हैं।

गौरतलब है कि रोजगार निगम में इस समय एक लाख से अधिक कर्मचारी नौकरी कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि दिसंबर की शुरुआत में ही सर्वर जवाब दे गया था। बताया जा रहा है ज्यादा लोड होने की वजह से सर्वर डाउन हुआ है। जिसे अभी तक ठीक नहीं किया गया है। ध्यान रहे कि हर महीने की पहली या दूसरी तारीख को उन विभागाध्यक्षों की तरफ से हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारी की हाजिरी अपलोड कर दी जाती है। इसके बाद निगम एम्पलाइज का वेतन उनके खातों में ऑनलाइन जमा करवाने की प्रक्रिया शुरू करता है।

हरियाणा सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) शुरू किया है। जिसका उद्देश्य हरियाणा में अनुबंध/डीसी दर की सभी भर्तियों को पूरा करना है। अभी तक ये भर्तियां सभी विभाग अपने हिसाब से करते थे, जिसमें भ्रष्टाचार होता था, अब ये भर्तियां एचकेआरएन पोर्टल के माध्यम से की जा रही हैं। कच्चे कर्मचारियों (डीसी रेट) की भर्ती, जो अब तक ठेकेदारों के माध्यम से होती थी, अब हरियाणा कौशल रोजगार निगम द्वारा की जा रही है। सरकार के इस कदम से नौकरियों में ठेकेदारी प्रथा खत्म होगी और भ्रष्टाचार भी कम होगा, ये दावा सकरार का है।




### ये है निगम का संदेश

एचकेआरएन की तरफ से कर्मचारियों को भेजे गए संदेश में बताया गया है कि सर्वर फायरवॉल अपग्रेडेशन समस्या का समाधान हो गया है। लेकिन सर्वर पर ज्यादा लोड के कारण कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सर्वर पर चालान और अन्य प्रक्रिया करने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन ऐसा होने में दिक्कतें हो रही हैं। मंगलवार के मैसेज में कहा गया है कि बुधवार तक सर्वर संबंधी सभी समस्याएं दूर करके वेतन जमा करवा दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि ये संदेश गत 7 दिसंबर से भेजा रहा है। लेकिन सर्वर ठीक नहीं हुआ।

## कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 31 तक करें ऑनलाइन आवेदन

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के दौरान एसएमएएम व एनएफएसएम स्कीम के तहत 40 से 50 प्रतिशत अनुदान राशि के लिए व्यक्तिगत श्रेणी के किसानों के लिए 29 तरह के कृषि यंत्र अनुदान पर दिए जाएगें। इसके लिए किसानों को किसान कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की वेबसाइट पर 31 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। डीसी ने कहा कि इन यंत्रों में बैटरी, इलेक्ट्रिक, सौर संचालित पावर वीडर, सेल्फ प्रोपेल्ड मल्टी टूल बार, स्वचालित उच्च क्लीयरेन्स बूम स्प्रयेर, लोडर , भूसा कटर के साथ उच्च क्षमता वाला चारा काटने वाला यंत्र, ट्रैक्टर चालित सिलेज पैकिंग मशीन, ट्रैक्टर चालित सिलेज बेलर बायोमास पेलेटिंग मशीन सब्सिडी पर दिए जाएंगे।

